कर्ज रद्द करने के लिए अंगीकार

पिता मै आपको धन्यवाद देता हूँ कि आप मेरे श्रोत, निर्वाहक और प्रदाता है। आपके वचन मरकुस 11:22-24 के अनुसार मुझे परमेश्वर पर विश्वास है और मै इस कर्ज के पहाड़ से कहता हूँ, " यीशू मसीह के नाम से, मै कर्ज की आत्मा को बाँधता हूँ और मै आदेश देता हूँ, ' कर्ज, तू उखड़ जा और समुंद्र में जा पड और फिर वापस न आना' धन्यवाद प्रभू यीशू"। मै कर्ज से आजाद हूँ, मुक्त हूँ। प्रभू आपके वचन नीतिवचन 22:7 मे लिखा है कि उधार लेनेवाला उधार देनेवाले का दास होता है। मै उधार लेनेवालो में से नही हूँ। मै उधार देनेवालो में से हूँ। रोमियों 13:8 में लिखा है कि आपस के प्रेम को छोड़ और किसी बात में किसी का कर्जदार न हो। धन्यवाद पिता, मैं आपस में प्रेम को छोड़ और किसी बात में किसी का कर्जदार नही हूँ। मैं परमेश्वर के प्रेम में चलता हूँ।

कर्ज शाप के तहत आता है लेकिन मसीह मेरे लिए शापित बना और मुझे मोल लेकर व्यवस्था के शाप से

छुड़ाया और अब्राहम की आशीष मुझ पर आ गई है। धन यहोवा की आशिष ही से मिलती है और वह उसके साथ दु:ख को नही मिलाता। मैं दशमांश देने में और बीज बोने में विश्वासयोग्य हूँ। मैं हर्ष से देनेवाला व्यक्ति हूँ क्योकि प्रभू मेरा श्रोत, निर्वाहक, प्रदाता और रक्षक है। मैं अब्राहम का वंश हूँ। मैं गरीब और कंगाल हो नही सकता। मैं अपने प्रभू यीशू मसीह के अनुग्रह को जानता हूँ कि वह धनी होकर भी मेरे लिए कंगाल बन गया ताकि उसके कंगाल होने से मैं धनी हो जाऊ। पिता, मै आपको धन्यवाद देता हूँ और आपकी स्तुति करता हूँ, क्योंकि मेरा सारा कर्ज मिटा दिया गया है और मै हमेशा के लिए कर्ज मुक्त हूँ, धन्यवाद पिता। मेरा परमेश्वर आपने उस धन के अनुसार जो महिमा सहित मसीह यीशू मे है मेरी हर एक घटी को पूरा करता है।

पिता, आपके वचन मत्ती 6:33 में लिखा है, इसलिए पहले तुम परमेश्वर के राज्य और उसके धर्म की खोज करो तो ये सब वस्तुएँ भी तुम्हे मिल जाएँगी। इसलिए मै

अपना धन और संपति आपके राज्य और सुसमाचार के विस्तार में इस्तमाल करता हूँ। मुझमें परमेश्वर की बुद्धि

है इसलिए मै अपने धन का सही उपयोग करता हूँ। धन्यवाद पिता, मै हमेशा के लिए कर्ज मुक्त हूँ और मै आपके आशिषो से उमड़ रहा हूँ। यीशू मेरा प्रभू है। यीशू के नाम से, आमीन।

धन्यवाद पिता!!!